| 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|
| 6 | M/s Glindia. | Dilosyn Expectorant |
| 7 | -Do- | Fersolate tablets |
| 8 | -Do- | Prepalin Forte Injection |
| 9 | -Do- | Apillin Injection |
| 10 | M/s Bochringer Knoll | Neoctinum Ampoules |
| 11 | M/s Rallis India | Emitine H cl. |
| 12 | M/s Tamil Nadu Dadha | Calcium Lactate |
| 13 | M/s Serum Institute | ATS |
| 14 | M/s Roche Products | Vitamin A |
| 15 | M/s Kerala State Drugs | Vitamin A |

**उत्तर प्रदेश में डाकघर**

3187. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में इस समय कुल कितने डाकघर कार्यरत हैं ;

(ख) क्या सरकार 1988 के वर्ष के दौरान इस राज्य में कुछ और डाकघर खोलने का विचार रखती है; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

**ऊर्जा मंत्री और संचार मंत्री (श्री वसंत साठे) :** (क) इस समय उत्तर प्रदेश में 18,117 डाकघर कार्य कर रहे हैं ।

(ख) जी, हां ।

(ग) अभी प्रस्तावों को अन्तिम रूप नही दिया जा सका है।

**स्मारक डाक टिकटों का जारी किया जाना**

3188. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार द्वारा अशफाक उल्ला, रोशन सिंह, बटुकेश्वर दत्त जैसे शहीदों के सम्मान में स्मारक, डाक टिकट जारी किए जा चुके है, और यदि हां, तो कब; और

(ख) यदि नहीं, तो क्या निकट भविष्य में इनके सम्मान में डाक टिकट जारी किए जाने की संभावना है और यदि हां, तो कब तक ?

**ऊर्जा मंत्री और संचार मंत्री (श्री वसंत साठे) :** (क) जी, नही ।

(ख) "भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम" श्रृंखला के अन्तर्गत महान विभूतियों की अस्थायी सूची में श्री अशफाक उल्ला, का नाम शामिल है । वैसे डाक टिकट जारी करने की तारीख अभी निश्चित की जानी है । फिलहाल रोशन सिंह, बटुकेश्वर दत्त पर डाक टिकट जारी करने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।